फाल्गुन कृष्ण पक्ष, तृतीया
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 27 फरवरी 2024
वर्ष 5, अंक 101, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





किशोर होंगे सोशल मीडिया से दूर, कानून पास 12

जिन्हें भूख है, हम उन्हीं लोगों को मौका देंगे-रोहित 11



## सतीश नर्सिंग होम

टनकपुर बाईपास रोड, छतरी चौराहा, पीलीभीत- 262001,
नम्बर लगाने हेतु मो. 9058672600, 9410030410



### डा. सतीश चन्द्र गंगवार

एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन के.जी.एम.सी. लखनऊ)
डी.एम. (न्यूरोलॉजी), एस.जी.पी.जी.आई., लखनऊ

- सिर दर्द, माइग्रेन • गर्दन-कमर व हाथ-पैरों का दर्द।
- मिर्गी या दौरे, चक्कर आना, दिमागी बुखार। • पैरालिसिस, लकवा, ब्रेन हैमरेज, बेहोशी। • हाथ पैरों का कम्पन, पारकिन्सन, नींद न आना।
- नसों से सम्बन्धित परेशानी जैसे झुनझुनाहट व सुन्नपन, यार्ददाश्त सम्बन्धी परेशानियाँ। • मायस्थीनिया ग्रेविस, मल्टीपिल स्क्लोरोसिस।
- माँसपेशियों का कमजोर व पतला होना।

### डॉ. नीलम सिंह



एम.बी.बी.एस., एम.एस.
पूर्व सीनियर रेसीडेन्ट के.जी.एम.सी., लखनऊ

स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ

महिलाओं की समस्त बीमारियों का इलाज जैसे बाँझपन, ल्यूकोरिया, अनियमित माहवारी, गर्भपात, नार्मल डिलीवरी (प्रसव), सिजेरियन।

## डॉ. राकेश न्यूरो सिटी हॉस्पिटल

RN CH

निकट गौहनिया रेलवे फाटक, माधोटांडा रोड, पीलीभीत

### डॉ. राकेश सिंह

न्यूरोसर्जन
(MBBS, MS, DNBss)
(दिमाग, रीढ़ व नसों के विशेषज्ञ)
पूर्व न्यूरोसर्जन- मैक्स, बी एल, कपूर
व गुरूतेगबहादर हॉस्पिटल, दिल्ली



CALL FOR APPOINTMENT
8869883121
8010166596

24 इमरजेन्सी सुविधा 24 घण्टे उपलब्ध

सिर की चोट व लकवा के मरीजों का ऑपरेशन व बिना ऑपरेशन इलाज
ICU, वेंटिलेटर, EEG,EMG,NCV (नसों की जांच) की सुविधा उपलब्ध

- ब्रेन हेमोरेज, स्ट्रोक फालिस, लकवा
- कमर दर्द, गर्दन दर्द, रीढ़ की टीबी हड्डी फ्रैक्चर व चक्कर आना
- सिर की चोट, सिर दर्द माइग्रेन, मिर्गी के दौरे

## दिव्य ई.एन.टी. हॉस्पिटल
### नाक, कान व गले का अस्पताल

माधोटांडा रोड, निकट रेलवे क्रासिंग, पीलीभीत (मो. 9634013920)

### डॉ. एस.के. मित्रा



MBBS, MS (E.N.T.)
वरिष्ठ नाक, कान व गला रोग सर्जन
Mob.: 9412313250

समयः- प्रातः 10:00 बजे से 2:00 बजे तक
सायं 6:00 बजे से 8:00 बजे तक
(रविवार पूर्ण अवकाश)

सुविधायें:-

- Fess (Endoscope) व Microdebrider द्वारा नाक के सभी प्रकार के ऑपरेशन।
- बहरेपन की इलैक्ट्रानिक मशीन द्वारा जांच, इलाज तथा कान की मशीन की सुविधा।
- बचपन से कान से मवाद आने का इलाज (माइक्रोस्कोपिक इयरसर्जरी)
- नाक से खून आने का इलाज।
- पुराने नजले का इलाज।
- नाक कान व गले के सभी प्रकार के ऑपरेशन व कैंसर का इलाज।
- टेढ़ी व मोटी नाक को सुडौल करने की सुविधा (राइनोप्लास्टी)
- Coblator मशीन द्वारा टॉसिंल व नाक के गदूद का रक्त रहित ऑपरेशन।



## श्री रामदेवकी हॉस्पिटल

माधोटांडा रोड, निकट रेलवे क्रॉसिंग, पीलीभीत
मो. 9412379735, 9756858233

### डॉ. बी. दास



एम.एस. (जनरल सर्जरी)
भूतपूर्व सर्जन जिला चिकित्सालय, पीलीभीत
सभी प्रकार के ऑपरेशन की आधुनिक सुविधा उपलब्ध।

उपलब्ध सुविधाएं

• दूरबीन विधि से पित्त की थैली का ऑपरेशन • गुर्दे की पथरी का ऑपरेशन • पेशाब की थैली से पथरी का ऑपरेशन • हर्निया • अपेन्डिक्स • बच्चेदानी का ट्यूमर • रसौली • इमरजेन्सी में आत फटना • स्तन की गांठ • बच्चों में हार्निया (आंत उतरना) इत्यादि बीमारियों का ऑपरेशन व इलाज की सुविधा।

## पीलीभीत एवं बरेली में सर गंगाराम अस्पताल नई दिल्ली के गुर्दा रोग के सुपर स्पेशलिस्ट



### डॉ. वैभव तिवारी

एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन), डी.एम. (नेफ्रोलॉजी)
एसोसियेट कन्सलटेन्ट सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली

गुर्दा रोग विशेषज्ञ

गुर्दे के समस्त रोगों की जांच व इलाज

उपलब्ध सुविधायेः- • ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, गुर्दे की पथरी में गुर्दा रोगों का इलाज। • सोडियम एवं पोटेशियम जनित समस्याएं • पेशाब में प्रोटीन आना, झाग आना, पैरों में सूजन। • डायलिसिस (Dialysis) की जानकारी। • किडनी ट्रांसप्लांट के सम्बन्ध में जानकारी। • गुर्दा रोगों में खान-पान (Diet) की जानकारी।

मिलने का स्थानः-
वैभव डायग्नोस्टिक सेन्टर
सुरभि कॉलोनी, गौहनिया चौराहा, शुगर फैक्ट्री रोड, पीलीभीत (उ.प्र.)

मिलने का समयः- महीने के पहले एवं तीसरे रविवार को
प्रातः 10:00 से 3:00 बजे तक

Appointment For PILIBHIT : 7417801191
Appointment For Sir Gangaram Hospital, New Delhi :
9999201616, 09350789077, 01142581020, Intercom 900065

## एक नजर

### पीलीभीत के लोगों की सेवा करना मेरा कर्तव्य

**पीलीभीत।** ग्राम भाजपा सांसद वरुण गांधी ने रेलवे स्टेशन पर हुए कार्यक्रम में शामिल होने से पहले खजुरिया पचपेड़ा, फूटाकुआं, बरगदा, मसौत, दौलतपुर पट्टी, उदराहा, दियुराजपुर, पैनिया हिम्मत, जादौपुर पट्टी आदि गांवों में जनसंवाद कार्यक्रमों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पीलीभीत उनका परिवार है। इस परिवार की सेवा करना वह अपना कर्तव्य समझते हैं। सांसद ने सभी को सुख दुख में साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। इस दौरान सांसद ने जन समस्याएं भी सुनी। इस मौके पर सांसद सचिव कमलकांत, बंटी मिश्रा, सतीश पांडेय, सोनू पांडेय, वेद प्रकाश, बबलू वर्मा, आनंद किरन, आमोद कुमार पांडेय, मेवाराम, जगदीश, अनीस अहमद, शिव कुमार, सुरेंद्र आदि मौजूद रहे।

### शानो-शौकत से मना मुबारक मियां का उर्स

**पीलीभीत।** शहर में हजरत सैयद मुबारक शाह मियां का एक दिनी उर्स शान ओ शौकत से मनाया गया। शहर के मोहल्ला बेनी चौधरी में हर साल की तरह इस बार भी हजरत सैयद मुबारक शाह मियां का उर्स मनाया गया। मोहल्ला फारुख से अकीदतमंदों ने चादरों का जुलूस निकाला।

# पूरी दुनिया में गूंजेगा जयहिंद का नारा: वरुण गांधी

## 16.7 करोड़ से होगा रेलवे स्टेशन का कायाकल्प, प्रधानमंत्री ने पुनर्विकास कार्यों का वर्चुअल शिलान्यास किया

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीलीभीत रेलवे जंक्शन के पुनर्विकास कार्यों का वर्चुअल शिलान्यास किया। यहां रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के संबोधन का लाइव प्रसारण दिखाया गया। इस दौरान सांसद वरुण गांधी ने शिलान्यास शिलापट का अनावरण कर इस उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में पूरी दुनिया में जयहिंद का नारा गूंजेगा। इस दौरान स्कूली बच्चों को सम्मानित किया गया।

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 16.7 करोड़ रुपये की लागत से रेलवे जंक्शन का पुनर्विकास किया जाना है। सोमवार को रेलवे स्टेशन परिसर में हुए कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुनर्विकास कार्यों का वर्चुअल शिलान्यास किया। कार्यक्रम में सांसद वरुण गांधी मौजूद रहे। उन्होंने रेलवे जंक्शन के पुनर्विकास कार्य जिले के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। कहा कि हमारा देश पूरी दुनिया में अमिट छाप छोड़ रहा है। विश्व के 18 ऐसे देश है, जिनमें अध्यक्ष, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री हिंदुस्तानी मूल के हैं। पूरी दुनिया में कहीं भी जाएं, सबसे उत्कृष्ट इंजीनियर, साइंटिस्ट, डॉक्टर हिंदुस्तानी ही है। आने वाले दिनों में पूरी दुनिया में जयहिंद का नारा गूंजेगा। वरुण गांधी ने कहा कि राष्ट्रभक्ति केवल एक नारा न हो, बल्कि राष्ट्रभक्ति जीवन का मूल हो, रास्ता हो। यह संकल्प हम सभी को लेना चाहिए। देश फले-फूले, हर पीढ़ी अपने सपने को बड़े सपने में तब्दील करें। भविष्य की तरफ देखें और स्वाभिमान के साथ हाथ में हाथ मिलाकर आगे बढ़ें। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए जनपद वासियों की ओर से प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। सांसद ने कार्यक्रम स्थल पर पुनर्विकास कार्य के लगाए गए शिलापट का भी अनावरण किया।

भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष आस्था अग्रवाल, डीसीबी चेयरमैन सत्यपाल गंगवार, बरखेड़ा के पूर्व विधायक किशन लाल राजपूत ने भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। कार्यक्रम में एक बड़ी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का सजीव प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा भी मौजूद रहे। संचालन वीरेंद्र सिंह ने किया। इस मौके पर रोटरी क्लब अध्यक्ष राहुल अग्रवाल, भाजपा नगराध्यक्ष विकास श्रीवास्तव, मनोज मिश्रा, सभासद सुनीता सिंह, भाजयुमो जिलाध्यक्ष चेतन शर्मा, प्रदीप मिश्रा, देवेंद्र सिंह टोनी, एमआर मलिक, मोहम्मद अतहर समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



शिलान्यास कार्यक्रम में सांसद वरुण गांधी व अन्य जनप्रतिनिधि। ● अमृत विचार

### रेल विषय पर प्रतियोगिता आयोजित

इस दौरान विकसित रेल विषय पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इनमें स्कूली बच्चों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को जनप्रतिनिधियों ने पुरस्कृत किया। बच्चों में भी इसाके लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया।



विजेता प्रतिभागियों के साथ जनप्रतिनिधि। ● अमृत विचार

### भाजपा नेताओं को एक मंच पर देख चर्चाओं का बाजार गर्म

रेलवे परिसर में हुए कार्यक्रम के दौरान भाजपा सांसद वरुण गांधी और भाजपा के कई नेता व पदाधिकारी एक मंच पर दिखे। सांसद के साथ अन्य जनप्रतिनिधियों को एक साथ देख राजनीतिक चर्चाएं भी तेज हो गईं। दरअसल सांसद वरुण द्वारा पूर्व में लगातार कई मुद्दों पर खुलकर बोला गया। इसके चलते स्थानीय भाजपा नेता और पदाधिकारी कहीं न कहीं दूरी बनाए हुए थे। वहीं, सांसद वरुण गांधी के सुर भी बदले-बदले से नजर आए। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान नेतृत्व और प्रधानमंत्री दोनों का ही आभार जताया। इसे लेकर सियासी गलियारे में चर्चाओं का बाजार गर्म रहा।

## भागवत कथा सुनने से दूर हो जाते हैं मनुष्य के सारे पाप

**बीसलपुर, अमृत विचार :** ग्राम नीवाडाडीं में चल रही श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव में सोमवार को भक्तों की खासी भीड़ रही। वृंदावन धाम से आए संत ब्रह्मानंद महाराज ने कहा कि जन्म-जन्मांतर एवं युग-युगांतर में जब पुण्य का उदय होता है, तब ऐसा अनुष्ठान होता है। श्रीमद्भागवत कथा एक अमर कथा है। इसे सुनने से पापी भी पाप मुक्त हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि वेदों का सार युगों-युगों से मानवजाति तक पहुंचाता रहा है। भागवत पुराण उसी सनातन ज्ञान की पयस्विनी है, जो वेदों से प्रवाहित होती चली आई है। इसलिए भागवत महापुराण को वेदों का सार कहा गया है। उन्होंने श्रीमद्भागवत महापुराण का बखान किया। कहा कि सबसे पहले सुखदेव मुनि ने राजा परीक्षित को भागवत कथा सुनाई थी, उन्हें सात दिनों के अंदर तक्षक के दंश से मृत्यु का श्राप मिला था। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा अमृत पान करने से संपूर्ण पापों का नाश होता है। व्यवस्था में अवनीश मिश्रा का विशेष सहयोग रहा।

# किसानों ने रैली निकाली, ज्ञापन दिया

संवाददाता, अमरिया (पीलीभीत)

**अमृत विचार :** संयुक्त किसान मोर्चा के तत्वाधान में सोमवार को ट्रैक्टर रेली निकाली गई। तहसील को अपनी मांगों से जुड़ा ज्ञापन सौंपा।

अमरिया तहसील क्षेत्र के बड़ेपुरा गुरुद्वारा से ट्रैक्टर रैली की शुरुआत की गई। सितारगंज हाईसे से होते हुए नहर पुल से होकर वापस तहसील पहुंची। उसके बाद किसान नेताओ ने तहसीलदार संजय कुमार सिंह को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। किसानों ने हरियाणा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। ज्ञापन में एमएसपी पर कानून बनाने, छुट्टा पशुओं की समस्या का समाधान आदि मांगे रखी। किसानो पर आंसू गैस व गोलियां चलाए जाने का भी विरोध किया। इस मौके पर किसान नेता गुरजाप सिंह, पलविंदर सिंह, काला सिंह आदि मौजूद रहे। उधर, राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं ने बिलसंडा ब्लॉक कार्यालय परिसर में सोमवार को धरना प्रदर्शन किया। इसकी अगुवाई ब्लॉक अध्यक्ष अंग्रेज सिंह ने की। छुट्टा पशुओं की वजह से बर्बाद हो रही है। मगर जिम्मेदार इसको लेकर कतई गंभीर नहीं हैं। किसान नेताओं ने फसलों का मुआवजा देने, बिजली के मीटर का हर महीने वसूल किए जाने वाला चार्ज तत्काल बंद करने और गांवों में लोगों द्वारा नए बनाए गए मकानों पर तत्काल बिजली कनेक्शन दिए जाने, गरीबी रेखा की तरह अमीरी रेखा का मानक भी तय करने एवं मुआवजे की प्रति एकड़ 50 हजार की धनराशि दिए जाने, सभी फसलों पर एमएसपी लागू करने की मांग की। बीसलपुर एसडीएम महिपाल सिंह को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर जसवंत सिंह, प्रेम सागर पटेल, सुरेश कुमार, सुखमनदीप सिंह, रामचंद्र लाल, गुरनाम सिंह आदि मौजूद रहे।



तहसीलदार अमरिया संजय कुमार सिंह को ज्ञापन देते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

● **एमएसपी समेत विभिन्न मांगों को की गई नारेबाजी**

# कप्तान साहब ! प्रधान पति की धमकी से लग रहा डर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● **एक लाख रुपये न देने पर प्रधान पति ने स्कूल में निर्माण रुकवाया**

**अमृत विचार :** दयालपुर कंपोजिट विद्यालय के इंचार्ज अध्यापक ने एसपी को शिकायत पत्र देकर प्रधान पति पर धमकाने का आरोप लगाया है। उनका आरोप है कि एक लाख रुपये न देने पर विद्यालय में चल रहा निर्माण कार्य प्रधान पति ने बंद करा दिया। इस मामले की डीएम और शिक्षा विभाग के अधिकारियों से पहले ही शिकायत की जा चुकी है।

शहर के मोहल्ला देशनगर निवासी सुरेश कुमार मौर्य ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह कंपोजिट विद्यालय दयालपुर के इंचार्ज अध्यापक हैं। विभाग की ओर से विद्यालय परिसर में निर्माण कार्य कराया जा रहा है। निर्माण का प्रभारी इंचार्ज प्रधानाध्यापक को विभाग की ओर से बनाया गया है। आरोप है कि प्रधान पति 19 फरवरी को विद्यालय पहुंचे और एक लाख रुपये की मांग करने लगे। इंचार्ज प्रधानाध्यापक के मना करने पर प्रधान पति भड़क गए और धमकाने लगा। निर्माण कार्य बंद कराने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई। 20 फरवरी को वह विद्यालय गए तो काम बंद था। उन्होंने राजमिस्त्री को कॉल करके जानकारी की तो बताया गया कि प्रधान पति ने काम से मना कर दिया है। इसकी सूचना यूपी 112 पर दी गई। इसके बाद चौकी जमुनिया और थाना माधोटांडा पर भी शिकायत की गई। प्रधान पति के न आने पर वह वापस विद्यालय आ गए। इंचार्ज प्रधानाध्यापक ने प्रधान पति की ओर से दी जा रही धमकियों से खुद को खतरा बताया। ये भी आरोप लगाया कि उन पर शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है। मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की गई है।

एसपी ने निष्पक्ष जांच कराकर दोषी के खिलाफ कार्रवाई करने का भरोसा दिया है।

# डीएम-एसपी ने जिला कारागार का निरीक्षण कर जाना बंदियों का हाल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** डीएम संजय कुमार सिंह व एसपी अतुल शर्मा ने सोमवार को जिला कारागार में औचक निरीक्षण कर बंदियों का हाल जाना। डीएम ने बीमार कैदियों के इलाज में लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। वहीं, डीएम ने वेयरहाउस का निरीक्षण कर ईवीएम और वीवीपैट का रखरखाव भी देखा।

डीएम ए एसपी सोमवार को अचानक जिला कारागार जा पहुंचे। जहां उन्होंनें अस्पताल, भोजनालय, बैरक नंबर आठ समेत किशोर बैरक में व्यवस्थाएं देखी। महिला एवं पुरुष बंदियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानी और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का तत्काल निस्तारण कराने के निर्देश दिए। पुरुष बंदियों द्वारा बनाए गए जलकुंभी उत्पाद, कपड़े एवं बैगों को देख डीएम व एसपी ने सराहना की। डीएम ने बीमार चल रहे बंदियों से बात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। अस्पताल के डाक्टर को कड़े निर्देश दिए कि बीमार बंदियों की स्वास्थ्य सुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। मानक के अनुरूप बंदियों को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। निरीक्षण के दौरान भोजनालय में गंदगी मिलने पर साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इस मौके पर जेल अधीक्षक राजेश पांडेय समेत डिप्टी जेलर मौजूद रहे।

इसके अलावा डीएम ने निर्वाचन कार्यालय परिसर स्थित वेयर हाउस का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने परिसर में घूमकर भवन की स्थिति देखी। अग्निशमन उपकरणों, पुलिस सुरक्षा एवं सीसीटीवी कैमरों की भी जानकारी ली। इसके साथ ही ईवीएम के रख-रखाव को भी देखा। निरीक्षण के दौरान एडीएम वित्त ऋतु पूनिया समेत निर्वाचन कार्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।



निरीक्षण के बाद जेल से बाहर निकलते डीएम संजय कुमार, एसपी अतुल शर्मा व अन्य।

● **वेयर हाउस में डीएम-एसपी ने ईवीएम का रखरखाव भी देखा**

# बोलेरो सवार युवकों ने ट्रक रोककर चालक को पीटा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** क्रय केंद्र पर गन्ना लोड होने के दौरान ट्रक के आगे चार पहिया वाहन लगाने को लेकर हुई कहासुनी के बाद चार लोगों ने युवक पर हमला कर दिया। घटना के छह दिन बाद न्यूरिया पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है, जिनमें एक नामजद है।

शहर के मोहल्ला सुनगढ़ी निवासी बाबूराम ने बताया कि 19 फरवरी की दोपहर 12 बजे उनका बेटा रविंद्र उर्फ जग्गा ट्रक से धनकुना क्रय केंद्र पर गन्ना लोड करवा रहा था। इस बीच एक व्यक्ति ने ट्रक के सामने काले रंग की बोलेरो खड़ी कर दी। जग्गा ने जब बोलेरो हटाने के लिए कहा तो चालक धमकाने लगा, जिससे कहासुनी हो गई। मौके पर मौजूद अन्य लोगों ने मामला शांत करा दिया। इसके बाद जग्गा ट्रक लेकर चीनी मिल पीलीभीत जा रहा था। इस बीच पीछे से आए बोलेरो सवार युवक ने अपने साथियों समेत खिड़का गांव में ट्रक रोक लिया और जग्गा की लाठी डंडे से पिटाई कर दी। चीख पुकार पर राहगीर जमा हो गए और जग्गा को बचाया। किसी तरह जग्गा घर पहुंचा और घटना की जानकारी दी। परिजनों के सीटी स्कैन कराने पर पसली में फ्रैक्चर व सिर में चोटें पाई गईं। जग्गा का मोबाइल भी तोड़ दिया। एसओ न्यूरिया प्रदीप बिश्नोई ने बताया कि ग्राम बिथरा निवासी प्रकाश व अन्य चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# अपने दायित्वों के निर्वाहन में जुट जाएं कार्यकर्ता

संवाददाता, पूरनपुर

● **पूरनपुर में भाजपा की विधानसभा स्तरीय चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी बूथ स्तर तक खुद को मजबूत बनाने में जुटी है। सोमवार को नगर पालिका सभागार में चुनाव प्रबंधन समिति की विधानसभा स्तरीय बैठक हुई। विधानसभा प्रभारी यतिन भाटिया ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर चुनाव संबंधी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की। इसमें कहा गया कि बूथ स्तर तक के सभी कार्यकर्ता अपने दायित्वों के निर्वाह में जुट जाएं।

भाजपा नेता यतिन भाटिया ने चुनाव को लेकर प्रबंधन समिति के गठन और सदस्यों के दायित्वों पर चर्चा की। कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता जनता के बीच जाएं। सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के बारे में जागरूक करें। चुनाव प्रबंधन समिति की पहली बैठक में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में उत्साह दिखा। इस दौरान विधानसभा संयोजक अनुराग अग्निहोत्री, जिला मंत्री भारतेंदु सिंह, नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान, जिला महामंत्री महादेव गाईन, संजय कुमार, सत्यपाल सिंह चौहान, अनुज गुप्ता, महेंद्र मिश्रा, संगीता सिंघल, अजय कुमार, विवेक तिवारी, निितन दीक्षित, सुभाष श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।



बैठक को संबोधित करते विधानसभा प्रभारी यतिन भाटिया व अन्य। ● अमृत विचार

## आईटीआई में हुई गोष्ठी में तकनीक की जानकारी दी

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** राजकीय आईटीआई में सोमवार को गोष्ठी हुई। प्रधानाचार्य गुंजन कुमार गुप्ता ने बताया कि संस्थान की प्लंबर ट्रेड के प्रशिक्षण की गुणवत्ता बढ़ाने एवं कार्यशाला के उन्नयन के लिए जगुआर कंपनी के बीच एमओयू स्थापित होने की प्रक्रिया शुरू की गई है। इस एमओयू के बाद संस्थान में जगुआर फाउंडेशन द्वारा कार्यशाला का उन्नयन एवं विश्व स्तर के प्लंबिंग तकनीकों से युवाओं को प्रशिक्षित एवं सेवायोजित किया जाएगा। गोष्ठी में प्रभारी कार्यदेशक प्रताप सिंह, अनुदेशक सुनील यादव, प्रतिमा कुशवाहा, वरिष्ठ सहायक आशीष चौहान, प्रशिक्षु शिवम सागर आदि मौजूद रहे।

# अधिवेशन में शामिल होंगे मझोला के दो सौ व्यापारी

संवाददाता, मझोला

**अमृत विचार :** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक सोमवार के नगर अध्यक्ष अजय गोयल की अध्यक्षता में व्यापारी रिजवान अंसारी के प्रतिष्ठान पर हुई। मुख्य अतिथि युवा विंग के प्रदेश अध्यक्ष कपिल अग्रवाल रहे। संचालन सलीम इदरीसी व अनवर अंसारी ने किया।

बैठक में नगर की प्रमुख समस्याओं मसलन बंदर और छुट्टा पशुओं, साप्ताहिक बंदी का पालन कराने को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान अक्षय कुमार सिंह, देवेंद्र सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अवधेश सिंह, भोलेनाथ सिंह को नगर संरक्षक बनाया गया। युवा व्यापार संरक्षक की जिम्मेदारी शुभम मल्होत्रा को दी गई। नए पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। 10 मार्च को पीलीभीत में होने वाले प्रदेश कार्यकारिणी अधिवेशन में मझोला से दो सौ व्यापारियों के जाने का निर्णय लिया गया। ये भी तय किया गया कि होली के पहले वाले शुक्रवार को साप्ताहिक बंदी नहीं रखी जाएगी। अंत में राष्ट्रगान हुआ। इस मौके पर अक्षय कुमार सिंह , लियाकत सलमानी, देवेन्द्र सिंह, द्वारिका प्रसाद, सोनपाल सिंह राणा, अवधेश सिंह, भोलेनाथ सिंह, हरप्रीत सिंह, गुलशन स्वर्णकार, विकास अग्रवाल, बाबू भाई, धीरज अवस्थी, नितेश अग्रवाल, मज़हर मलिक, अंकित गुप्ता, मुकेश गुप्ता, मोहित अग्रवाल, संजीव मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## बाजार आए युवक की बाइक चोरी

**पूरनपुर, अमृत विचार :** थाना माधोटांडा क्षेत्र के गांव पिपरिया संतोष निवासी श्रीपाल पुत्र ओमप्रकाश ने बताया कि वह सोमवार को पूरनपुर की पीर बाजार में खरीदारी करने आए थे। बाइक सड़क किनारे खड़ी करके वह बाजार में चले गए। इस बीच उनकी बाइक चोरी हो गई। श्रीपाल ने मामले में पुलिस से शिकायत की हैं। वहीं दूसरी घटना सीएचसी की हैं। जहां दवाई लेने पहुंचे 12 वर्षीय नंदू की रेंजर साइकिल चोरी हो गई। पुलिस शिकायत मिलने पर जांच कर रही है।

### मामूली सी बात पर युवक को पीटकर घायल किया

**पीलीभीत।** शहर के मोहल्ला सुनगढ़ी निवासी रामसेवक व उसके पड़ोसी के बीच कूड़ा डालने को लेकर कहासुनी हो गई। इस पर पड़ोसी ने उसे पीटकर घायल कर दिया। इसकी तहरीर पुलिस को दी गई है।

**खतरनाक सफर** | जिले में नहीं सुधर पा रहे हालात, चालकों पर मेहरबानी जारी, कासगंज हादसे के बाद कुछ चालान कर फिर बेपरवाह हुई पुलिस

# वाहनों पर लटकाकर ढोई जा रहीं सवारियां ..जिम्मेदारों को नहीं परवाह

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** तीन दिन पहले कासगंज में श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर तालाब में पलटने से 23 लोगों की जान चली गई थी। इस हादसे को सुनकर हर किसी का दिल दहल गया था। इसके परिवहन विभाग कुछ हरकत में आया और सड़क पर उतरकर वाहन चेकिंग अभियान चलाया।

मगर सवारियां लेकर जाते तीन ट्रैक्टर ट्रॉलियों के चालान करने के साथ ही अभियान ठप हो गया। सड़कों पर मानक से अधिक सवारियां भरकर वाहन दौड़ाने का सिलसिला जारी है। मगर जिम्मेदारों को इसकी कोई बेपरवाह नहीं है। ट्रैक्टर ट्राली में लोग सफर कर रहे हैं। ऑटो, टेंपो, मैजिक व अन्य वाहनों में लटकाकर सवारियां ढोयी जा रही हैं।

सड़क हादसों की बढ़ती संख्या को लेकर शासन गंभीर है। हर साल यातायात माह व सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत हादसों को रोकने के लिए जागरुकता अभियान चलाया जाता है। जगह-जगह आयोजन किए जाते हैं। वाहन चेकिंग अभियान भी चलाया जाता है। डग्गामारी करने वाले वाहनों पर कार्रवाई को लेकर बड़े-बड़े दावे कर दिए जाते हैं। मगर इस सबका नतीजा शून्य रहता है। लोग ट्रैफिक नियमों का पालन करने के बजाय उल्लंघन करने में ज्यादा माहिर हैं।

नियमानुसार टेंपो में छह और मैजिक में नौ सवारियां ही बैठाई जा सकती है। लोडर वाहनों में सवारियां बैठाए जाने पर प्रतिबंध है। मगर ये सब नियम कागजों में हैं। जिले में बीसलपुर, पूरनपुर, माधोटांडा, घुंघचिहाई, बरखेड़ा, बरेली, जहानाबाद, अमरिया, मझोला-न्यूरिया आदि मार्गों पर दिन भर नियमों को धता बताकर वाहन दौड़ते नजर आते हैं। वाहनों में मानक से अधिक सवारियां ढोई जा रही हैं। सोमवार अमृत विचार की टीम ने ट्रैफिक व्यवस्था की हकीकत जानना चाहा। सड़कों पर देखा तो कोई वाहन पीछे पायदान पर सवरियां खड़े किए था, किसी ने सवारियां ठूंसकर रखी थीं। जोखिम भरा सफर करने को यात्री मजबूर दिखाई दिए।



मैजिक के गेट पर बैठकर सफर करता युवक।



असम हाईवे पर पूरनपुर जाने वाली मैजिक में पायदान पर खड़े होकर सफर करते लोग।

### दृश्य एक : टनकपुर हाईवे

टनकपुर हाईवे पर रोडवेज बस, ट्रक समेत व बड़े वाहनों की आवाजाही दिन-रात रहती है। इस रोड पर शहर से लेकर न्यूरिया, उत्तराखंड सीमा पर बसे कस्बा मझोला तक कई एक्सीडेंट जोन हैं। यहां हर साल बड़ी संख्या न सिर्फ हादसे होते हैं, बल्कि तमाम लोगों की जान चली जाती हे। फिर भी लोग खतरनाक सफर करने के बाज नहीं आते। सोमवार को एक मैजिक में ठूंसकर सवारियां भरी थी। कइयों ने सवारियों को पीछे पायदान पर या गेट पर बैठा रखा था। कई में चालक को बैठने तक को पर्याप्त जगह नहीं थी। टनकपुर हाईवे पर कई स्थानों पर पुलिस रहती है, लेकिन पुलिस वाले नियम तोड़ते वाहनों को अनदेखा करते रहते हैं।

### दृश्य दो : असम हाईवे

असम हाईवे पर अधिकांश ट्रैफिक बड़े वाहनों का रहता है। इस रूट पर मैजिक समेत अन्य सवारी वाहन चलते हैं। अधिकांश की फिटनेस को लेकर सवाल उठते रहे हैं। नियम पालन की बात करें तो ऐसा शायद ही कोई वाहन हो जिसमें मानक से दोगुना सवारियां न बैठाई जाएं। पायदान पर सफर करना यात्रियों की मजबूरी बन चुका है। रात के समय तो इस रूट पर और अधिक दिक्कत रहती है। रात नौ बजने के बाद सवारियां पाने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता है। अगर सवारी मिल भी गई तो सफर जोखिम भरा रहता है।

> डग्गामार वाहनों के खिलाफ निरंतर अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। पूर्व में लाइसेंस निलंबित भी किए गए थे। लगातार चेकिंग कराई जा रही है। नियम तोड़ने वालों पर सख्ती की जाएगी।
>
> **-वीरेंद्र सिंह,** एआरटीओ

## बंदर के हमले में दो बालक घायल

**बीसलपुर, अमृत विचार :** नगर में बंदरों का आतंक कम नहीं हो रहा। बंदरों के झुंड ने हमला कर दो बालकों को घायल कर दिया।

रामनगर कॉलोनी निवासी मुकेश कुमार ने बताया कि उनका चार वर्षीय पुत्र प्रशांत सोमवार सुबह घर के पास खेल रहा था। तभी अचानक उस पर बंदर ने हमला कर घायल कर दिया। बच्चे के चीखने पर परिजन बाहर गए और उसे बचाया। उधर, पटेल नगर कॉलोनी निवासी आदेश गंगवार के पुत्र आयुष घर के बाहर खड़े होकर केला खा रहा था। बंदर ने पहले बच्चे के हाथ से केला छीना और फिर उसे घायल कर दिया। दोनों बच्चों को सीएचसी में भर्ती कराया है। सीएचसी अधीक्षक डा. लेखराज ने बताया कि दोनों बच्चों को एंटी रेबीज इंजेक्शन लगवा दिए गए हैं।




## धोखाधड़ी व रंगदारी मांगने के आरोप में पिता-पुत्री पर रिपोर्ट

**पीलीभीत, अमृत विचार :** एसपी के आदेश पर सुनगढ़ी पुलिस ने बीसलपुर रोड स्थित कोरल मोटर्स के सेल्स मैनेजर मोहित सक्सेना की ओर से धोखाधड़ी व रंगदारी की धाराओं में एफआईआर दर्ज की।

मोहित सक्सेना ने पुलिस को बताया कि 12 नवंबर 2023 को एक कार ललौरीखेड़ा गांव निवासी योगेंद्र पाल के नाम से ली गई थी। इस गाड़ी पर लोन था। जिसमें नरेश गंगवार गारंटर थे। लोन की एग्रीमेंट फाइल में शालू गंगवार पत्नी योगेंद्र पाल पुत्री देवदत्त गंगवार ने लोन की किश्त के लिए चेक दिए थे। स्टेटमेंट बैंक खुलने परदेने को कहा। 4.56 लाख रुपये लोन की राशि खुद जमा करने की बात कही थी। मगर इसके बाद स्टेटमेंट देने के लिए टालमटोल की जाती रही। फिर शालू ने बताया कि उनके पति योगेंद्र पाल की मौत हो गई है। बाद में शालू ने फंसाने की धमकी दी जाने लगी। बाद में पता चला कि गाड़ी शालू के पिता देवदत्त ले गए हैं। जब देवदत्त गंगवार से बात की गई तो वह उल्टा तीन लाख रुपये रंगदारी के तौर पर मांगने लगे।

# 6.29 लाख रुपये के गबन में ग्राम सचिव निलंबित

## कई विकास कार्यों का एक खाते में किया भुगतान, अफसरों के मांगने पर नहीं दिखाए अभिलेख

संवाददाता, पूरनपुर (पीलीभीत)

**अमृत विचार :** विकास कार्य के नाम पर ग्रामीण इलाकों में जिम्मेदारों के घोटाले का एक और मामला उजागर हुआ है। पूरनपुर ब्लॉक में तैनात एक ग्राम पंचायत अधिकारी ने कई कामों के भुगतान एक व्यक्ति के खाते में कर दिया। इस तरह उस पर करीब 6.29 लाख रुपये का घोटाला करने का आरोप है। इसकी शिकायत मिलने पर अधिकारियों ने जांच कराई तो घोटाला छिपाने के लिए आरोपी सचिव ने विकास कार्यों से जुड़े अभिलेख जांच अधिकारी को नहीं दिखाए। कारण बताओ नोटिस जारी किया गया तो आरोपी ग्राम पंचायत अधिकारी का जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया। इस पर डीपीआरओ ने आरोपी सचिव को निलंबित कर दिया है।



पूरनपुर ब्लॉक कार्यालय।

यह मामला पूरनपुर ब्लॉक क्षेत्र का है। यहां तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी मोहम्मद रिजवान के पास खमरिया पट्टी, प्रसादपुर, रघुनाथनपुर, रंपुरा फकीरे, भवानीगंज, महदखास, चांट फिरोजपुर, मुझाखुर्द, उदयकरनपुर, लुकटिहाई, शेरपुरकलां, सबकलपुर आदि ग्राम पंचायतों का कार्यभार था। इन सभी ग्राम पंचायतों में पांचवें और पंद्रहवें वित्त आयोग के तहत नाली-खंड़ेजा का निर्माण और सड़कों की मरम्मत समेत कई कार्य होना दर्शाए गए थे। इसके लिए रेता बजरी, ईट, सैनेटरी आदि सामान खरीदा गया था। चार अगस्त से लेकर छह दिसंबर 2023 के बीच इन कार्यों के बदले 560910 रुपया का भुगतान जितेंद्र कुमार पुत्र दुजाराम नाम के व्यक्ति के खाते में कर दिया गया। इसी खाते में रामू पुत्र रामौतार व जीतू पुत्र रामजी नामक व्यक्ति के नाम के 68500 रुपया का भुगतान कर दिया गया।

सचिव की ओर से की गई धांधली की शिकायत जिला प्रशासन तक पहुंच गई। जिसके बाद मामले की जांच शुरू कराई गई। 27 जनवरी 2024 को आरोपी सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। इसका आठ फरवरी 2024 को सचिव की ओर से जवाब भेजा गया, लेकिन जवाब पूरी तरह गोलमोल होने से अफसर संतुष्ट नहीं हो पाए। हकीकत का पता लगाने के लिए आरोपी सचिव को 19 फरवरी को पत्र जारी किया गया, जिसमें 21 फरवरी तक ग्राम पंचायतों में कराए गए कार्यों से जुड़े अभिलेख तलब किए गए। मगर सचिव ने अभिलेख अधिकारियों को मुहैया नहीं कराए। ऐसे में वित्तीय अनियमितता मिलने पर अफसर गंभीर हुए। सोमवार को जिला पंचायत राज अधिकारी सतीश कुमार ने आरोपी सचिव को निलंबित कर दिया है। इस पूरे मामले की जांच मरौरी ब्लॉक के एडीओ पंचायत को दी गई है।

### आरोपी सचिव से गबन की गई रकम की होगी वसूली

निलंबन के बाद पूरे मामले की जांच कराई जा रही है। सचिव की ओर से अभिलेख भी नहीं दिए गए थे। ऐसे में जांच अधिकारी अब मौके पर जाकर दर्शाए गए कार्यों को देखेंगे। 15 दिन के भीतर जांच कर आरोप पत्र साक्ष्यों सहित मांगा गया है। ऐसे में सचिव की अभी और मुश्किलें बढ़ना तय है। अधिकारियों की मानें तो गबन की गई धनराशि की आगे रिकवरी भी कराई जाएगी।

### पांच दिन पहले मरौरी ब्लॉक का सचिव किया गया था निलंबित

ग्राम पंचायतों में चल रहा घोटालेबाजी का खेल एक के बाद एक करके सामने आ रहा है। पांच दिन पहले मरौरी ब्लॉक में तैनात सचिव अनिल कुमार को निलंबित किया गया था। इन्होंने आठ जनवरी से 18 फरवरी तक मेडिकल लीव पर रहते हुए कई ग्राम प्रधानों से षड़यंत रचकर ग्राम निधि खाते से 28.72 लाख रुपये निकाल लिए थे। ये धनराशि 12 ग्राम पंचायतों में निकाली गई थी।

- पूरनपुर ब्लॉक क्षेत्र का मामला मरौरी के एडीओ पंचायत करेंगे पूरे मामले की जांच

"पूरनपुर ब्लॉक में तैनात सचिव मोहम्मद रिजवान को निलंबित कर दिया गया है। उन पर एक ही खाते में कई कार्यों का भुगतान भेजने का आरोप है। कारण बताओ नोटिस भेजने पर न तो संतोषजनक जवाब दिया और ना ही अभिलेख मुहैया कराए। पूरे मामले की जांच एडीओ पंचायत मरौरी को दी गई है।
– सतीश कुमार, डीपीआरओ

## दो लाख रुपये नहीं मिले तो विवाहिता को पीटा

**पीलीभीत।** किराना की दुकान खोलने के लिए दो लाख रुपये और बाइक की मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों ने विवाहिता को बंधक बनाकर पीटा। शोर सुनकर पहुंचे पड़ोसियों ने उसकी जान बचाई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। जहानाबाद थाने में दी गई तहरीर में ग्राम हिमकरपुर निवासी राजरानी ने बताया कि उसकी शादी तीन साल पहले ग्राम लखनऊ कलां निवासी आकाश से हुई थी। मायके वालों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार उपहार दिए थे। मगर ससुराल वाले संतुष्ट नहीं हुए। अतिरिक्त दहेज में बाइक और किराना दुकान खोलने के लिए दो लाख रुपये की मांग की गई। इसे लेकर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। 10 फरवरी की रात नौ बजे ससुराल वालों ने मारपीट की। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और पीड़िता को बचाया। इसकी जानकारी मिलने पर मायके वाले आ गए। इंस्पेक्टर मुकेश शुक्ला ने बताया कि पीड़िता की ओर से आरोपी पति आकाश, ससुर नेवाराम, सास सोमवती, ननद ममता और सावित्री के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज की गई है।



















## खाद्य विभाग की टीम ने आटा और दाल के नमूने लिए

**पीलीभीत, अमृत विचार :** खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने छापेमारी कर दूध समेत आटा-दाल के नमूने लिए।

अभिहीत अधिकारी शशांक त्रिपाठी के निर्देश पर सोमवार को मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में छापामार कार्रवाई की गई। टीम ने शहर के गांधी स्टेडियम रोड पर गांव अड़ासेई निवासी मिल्क हॉकर कुंवरपाल से दूध का नमूना लिया। इसके बाद टीम ने पकड़िया नौगवां में दुकानों पर छापेमारी की। यहां टीम ने कदीरी राइस एंड किराना स्टोर का निरीक्षण किया। संदेह होने पर अमृत भोग ब्रांड आटा का नमूना लिया। शिवनगर कॉलोनी में अजय कुमार किराना स्टोर से मसूर दाल का नमूना लिया। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी शांतनु कुमार एवं अनंत स्वरूप रहे।

# खेत जोत रहे किसान की रोटावेटर में फंसकर मौत


हादसे के बाद विलाप करते मृतक के परिजन। ● अमृत विचार

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार :** ट्रैक्टर से खेत की जुताई करते समय रोटावेटर में फंसकर एक किसान की मौत हो गई। हादसे के दौरान वह रोटावेटर की टॉपलिंग ठीक कर रहे थे।

यह हादसा सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र के जहूरगंज गांव में हुआ। यहां निवासी अरुण कुमार वर्मा (27) पुत्र रामेश्वर दयाल सोमवार सुबह गन्ने की बुआई के लिए रोटावेटर से खेत की जुताई कर रहे थे। ग्रामीणों के मुताबिक इसी बीच रोटावेटर की टपलिंग में तकनीकी खराबी आ गई। अरुण ने ट्रैक्टर रोका और रोटावेटर को ठीक करने लगे। इस दौरान अरुण का पैर रोटावेटर के अंदर चला गया। एक झटके में उनके पैर का पंजा कटकर अलग हो गया। इससे वह रोटावेटर पर गिर पड़े, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी चीख सुनकर आसपास के खेतों पर मौजूद लोग पहुंच गए। रोटावेटर में फंसे अरुण को बमुश्किल निकाला गया। इसकी सूचना मिलने पर थाना पुलिस मौके पर जा पहुंची।

## मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

**पीलीभीत, अमृत विचार:** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने सोमवार को डीएम संजय कुमार सिंह को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इसमें खाद्यान्न के पूरे व्यापार पर मंडी शुल्क एक समान करने की मांग की गई। डीएम को दिए ज्ञापन में बताया कि फरवरी 2023 में खाद एवं प्रसंस्करण विभाग द्वारा कृषकों को मंडी प्रांगण की जगह सीधे फ्लोर मिलों में अपने उत्पाद विक्रय की छूट प्रदान कर दी गई। यह किन्हीं मायनों में एक अच्छा कदम माना जा सकता है। इनमें जिला अध्यक्ष शैली शर्मा, शेर सिंह, सुधीर पाल सिंह, विजयपाल सिंह आदि रहे।

## दो बाइकों की भिड़ंत में तीन लोग घायल

**बरखेड़ा।** दौलतपुर पट्टी मार्ग पर सोमवार शाम अमखेड़ा तिराहे के पास दो बाइकों की टक्कर हो गई। इसमें अधकटा गांव निवासी मोहम्मद वसीम, बॉबी देवल और मुरादाबाद जिले के कांठ गांव निवासी सचिन घायल हो गए।

## चंद्रशेखर आजाद की जयंती आज

**बीसलपुर, अमृत विचार:** क्रांतिकारी विचार मंच के तत्वाधान में नगर के मोहल्ला दुर्गा प्रसाद स्थित पार्क में सोमवार को चंद्रशेखर आजाद जयंती समारोह आयोजित किया जाएगा। संरक्षक देव स्वरूप पटेल ने बताया कि सुबह 11 बजे से कार्यक्रम शुरू होगा। उन्होंने बड़ी संख्या में लोगों से पहुंचाने की अपील की।

**वार्षिक अनुष्ठान संपन्न, बीसलपुर :** नगर के मोहल्ला दुबे स्थित मोनी बाबा मढ़ी परिसर में आयोजि वार्षिक अनुष्ठान रामचरितमानस के पाठ के साथ संपन्न हुआ। सोमवार को भंडारा कराया गया। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# युवती की बरामदगी को पुलिस टीम ने लखीमपुर में डाला डेरा

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचार :** लापता युवती की बरामदगी के लिए दो दिन चले हंगामे और इंस्पेक्टर के तबादले के बाद पुलिस ने प्रयास तेज कर दिए हैं। पुलिस के एक टीम लखीमपुर खीरी में डेरा जमाए है। वहीं, बैंक ट्रांजेक्शन की डिटेल पता की जा रही है। उधर, युवती के न मिलने पर परिवार वालों ने लड़का पक्ष को पूरे घटनाक्रम से अवगत करा दिया है।

एक युवती को 19 फरवरी को दूसरे समुदाय का युवक बहला फुसलाकर ले गया था। इस मामले में पहले परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई थी, लेकिन कुछ संगठनों से जुड़े लोग आगे आए और इस मामले में विरोध जताया। इसके बाद परिजनों ने तत्कालीन इंस्पेक्टर मृदुल कांत शुक्ला पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाकर दो दिन धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद इंस्पेक्टर मृदुल कांत को हटाकर रिट सेल भेज दिया गया। नए प्रभारी के तौर पर अरविंद सिंह चौहान की तैनाती कर दी गई। 26 फरवरी को युवती की शादी होना तय थी। मगर पुलिस उसे नहीं तलाश सकी। परिवार के सदस्यों ने लड़का पक्ष को घटना की जानकारी दे दी। उधर, पुलिस की टीमें सुरागरसी में जुटी रही। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि एक टीम लखीमपुर खीरी भेजी गई है। इसके अलावा अन्य साक्ष्य के आधार पर भी पड़ताल चल रही है।

- बैंक ट्रांजेक्शन को लेकर मिली डिटेल पर भी छानबीन

### रहस्यमय ढंग से मां-बेटी लापता

**पीलीभीत।** कोतवाली में दी गई तहरीर में क्षेत्र के एक युवक ने बताया कि नौ फरवरी को वह काम से बाहर गए थे। उसकी पत्नी सुबह नौ बजे चार वर्षीय पुत्री के साथ बाजार जाने की बात कहकर निकली और उसके बाद से कुछ पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## 57.20 लाख क्विंटल पेराई कर बरखेड़ा मिल बंद

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचार :** पिछले कई दिनों से नोकेन में चल रही बरखेड़ा चीनी मिल सोमवार को बंद कर दी गई। यहां वर्तमान पेराई सत्र में 57.20 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई की गई। जबकि पिछले पेराई सत्र में 84.56 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई की गई थी।

बरखेड़ा चीनी मिल में पिछले साल नौ नवंबर को पेराई सत्र की शुरूआत की गई। मिल की पेराई क्षमता प्रतिदिन 75 हजार क्विंटल है। मगर मिल को मात्र 29-30 हजार क्विंटल गन्ना मिल पा रहा था। इसको लेकर मिल प्रबंधन ने 20 फरवरी को मिल बंदी का पहला नोटिस जारी किया गया था। मिल से संबद्ध 45 क्रय केंद्रों पर गन्ना समाप्त होने के बाद प्रबंधन द्वारा खुली खरीद की जा रही है। मगर, चीनी मिल लगातार नोकेन में बंद हो रही थी। सोमवार को प्रबंधन ने चीनी मिल बंद कर दी।

### 50.60 करोड़ का हो सका भुगतान

ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मनोज कुमार साहू ने बताया कि इस पेराई सत्र में मिल द्वारा 57.20 लाख क्विंटल गन्ने की खरीद की गई। जिसका गन्ना मूल्य करीब 210 करोड़ रुपये है। इसके सापेक्ष मिल प्रबंधन द्वारा किसानों को 50.60 लाख रुपये भुगतान किया गया है। इधर, जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव ने बताया कि मिल लगातार नोकेन में चल रही थी। सोमवार को मिल बंद कर दी गई है।

## सार-संक्षेप

### उत्तम जनप्रतिनिधि चुनने को करें मतदान

**पीलीभीत।** स्प्रिंगडेल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के चौथे दिन सोमवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यकारी निदेशक डॉ. हेमंत जगोता ने मतदान का महत्व विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि उत्तम जनप्रतिधि को चुनने के लिए प्रत्येक मतदाता की भागीदारी आवश्यक है। जागरूकता उत्पन्न करने के लिए युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करें। इस मौके पर महाविद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें रंजीता विश्वास प्रथम, अशरा बी द्वितीय और वैष्णवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दोपहर में डिजिटल इंडिया अभियान चलाया गया। ग्राम गणेशपुर गौटिया देशनगर में रैली निकालकर डिजिटल इंडिया से जुड़े नारे लगाए गए। ध्रुव एवं सूर्यांश ने रैली का नेतृत्व किया। डिजिटल बन रहा भारत, आओ मिलकर करें स्वागत, हम इंटरनेट से जुड़ रहे हैं, विकसित भारत के सपने बुन रहे हैं, आदि नारे लगाए गए। लोटस दल के स्वयंसेवकों ने कैशलेस ट्रांजेक्शन के बारे में जानकारी दी। प्रियांशी एवं तान्या ने घर-घर जाकर कम्प्यूटर एवं इंटरनेट के जरिये रोजगार मिलने के बारे में बताया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. इलयास अहमद, आलोक उपाध्याय, राजपाल गंगवार, सचिन कुमार, संजीव श्रीवास्तव, डॉ. अतुल मिश्रा, डॉ. संगीता गंगवार, अंग्रेज कौर, श्रद्धा सिंह आदि मौजूद रहे।

### तिलक समारोह में नर्तकियों से कराया डांस, वीडियो वायरल

**बरखेड़ा।** सोशल मीडिया पर सोमवार को एक वीडियो वायरल हुआ। इसमें कुछ नर्तकियां डांस करती दिखाई दे रही हैं। बताया गया कि करोड़ चौकी क्षेत्र के गांव दौलापुर के एक परिवार में आयोजित तिलक समारोह में नर्तकियों से डांस कराया गया। हालांकि किसी तरह की कोई शिकायत नहीं की गई। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि सूचना मिलने पर करोड़ चौकी पुलिस गांव भेजा गया था। मामले की जांच करा रहे हैं।

## अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर



**पूरनपुर, अमृत विचार:** प्लॉट के सामने घूरा डालने की शिकायत अधिकारियों से की गई। मजिस्ट्रेट ने पुलिस फोर्स की मौजूदगी में जेसीबी से अतिक्रमण हटवाया। इस दौरान भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

तहसील क्षेत्र के गांव अजीतपुर बिल्हा के धर्मेंद्र गौतम का कसगंजा गांव में प्लॉट है। प्लॉट के सामने सड़क पर कसगंजा के ही लोग घूरा डाल रहे हैं। बीते दिनों हुए समाधान दिवस में धर्मेंद्र ने अधिकारियों से की शिकायत में अतिक्रमण हटाने की मांग की थी। सोमवार को नायब तहसीलदार टीम के साथ कबीरपुर कसगंजा गांव पहुंचे। जेसीबी से सड़क पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। मामला दो समुदायों से जुड़ा होने पर घुंघचाई थाने पुलिस मौजूद रही। नायब तहसीलदार ऋषिकांत दीक्षित ने बताया कि शिकायत पर अतिक्रमण हटाया गया।

# सामूहिक विवाह समारोह में एक-दूजे के हुए 97 युवक-युवतियां

## जनप्रतिनिधि और अफसर बने घराती, नवविवाहित जोड़ों को दिया आशीर्वाद

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



सामूहिक विवाह समारोह में रस्में पूरी करते वर-वधु। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शहर स्थित मंडी समिति परिसर सोमवार को 97 जोड़ों के सामूहिक विवाह का गवाह बना। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विवाह की रस्में पूरी कराई गईं। सामूहिक विवाह समारोह के साक्षी बने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने नवविवाहित जोड़ों को सुखी दांपत्य जीवन का आशीर्वाद दिया। नवविवाहित जोड़ों को उपहार देकर विदा किया गया। शादी समारोह को लेकर मंडी परिसर में खासी भीड़-भाड़ रही। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सोमवार को शहर स्थित मंडी परिसर में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। सुबह से ही वर-वधु पक्ष के लोगों के पहुंचने सिलसिला शुरू हो गया। सामूहिक विवाह समारोह में व्यवस्था के लिए पंडाल को पांच सेक्टर में बांटा गया था। दीप प्रज्वलित कर समारोह की शुरुआत की गई। डीएम संजय कुमार सिंह ने पंडाल का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. दलजीत कौर, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल, मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता देवी वर्मा, ललौरीखेड़ा ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह गंगवार, डीसीबी चेयरमैन सत्यपाल गंगवार, बरखेड़ा के पूर्व विधायक किशनलाल राजपूत, डीएम संजय कुमार सिंह, सीडीओ धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने वर-वधुओं का हाल जाना और उन्हें सुखी दांपत्य जीवन का आर्शीवाद दिया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विवाह वेदियों पर विवाह की रस्में संपन्न कराई गई। जनप्रतिनिधियों ने नवविवाहित जोड़ों को उपहार देकर विदा किया गया। सामूहिक विवाह के लिए 106 जोड़ों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। मगर सोमवार को हुए आयोजन में 97 जोड़े ही शामिल हुए। नौ जोड़े विवाह समारोह में नहीं पहुंच सके। समारोह में जिला समाज कल्याण अधिकारी चंद्रमोहन विश्नोई, जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता, पीओ डूडा जया सिंह, श्रम प्रवर्तन अधिकारी प्रियंका वर्मा, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी सुरेश कुमार मौर्य, खंड विकास अधिकारी संजय यादव, प्रेम सिंह समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।



नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देतीं जिला पंचायत अध्यक्ष, डीएम व अन्य।

### उपहार देकर नवविवाहित जोड़ों को दी विदाई

सामूहिक शादी समारोह में शामिल सभी नवविवाहित जोड़ों को उपहार देकर विदा किया गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी चंद्रमोहन विश्नोई ने बताया कि सामूहिक विवाह समारोह में सरकार प्रति जोड़े के विवाह पर 51 हजार रुपये का व्यय कर रही है। इसमें 35 हजार रुपये सीधे खाते में भेजे जाएंगें। 10 हजार रुपये का आवश्यक सामान एवं छह हजार रुपये विवाह समारोह के आयोजन में व्यय किए जाते हैं।



वर-वधु से जानकारी लेते भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह। ● अमृत विचार

### 18 विवाह वेदियों पर वर-वधुओं ने लिए सात फेरे

विवाह समारोह को लेकर 18 विवाह वेदी स्थापित की गईं। प्रत्येक विवाह वेदी पर छह-छह जोड़ों को बैठाया गया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विवाह संस्कार शुरू हुए। पंडाल में मौजूद वर-वधुओं ने एक दूसरे को वरमाला पहनाई। इसके बाद कन्यादान की रस्म अदा की गई। विवाह वेदियों में अग्नि प्रज्ज्वलित होने के बाद मंत्रोच्चारण के बीच वर-वधुओं ने सात फेरे लिए। पंडाल में मौजूद वर-वधु पक्ष के लोगों ने पुष्प वर्षा की।

### 25 पुरोहितों ने संपन्न कराया सामूहिक विवाह

समारोह स्थल पर 25 से अधिक पुरोहितों की देखरेख में विवाह संस्कार संपन्न कराए गए। गायत्री परिवार के लालाराम की देखरेख में वैवाहिक रस्मों की शुरूआत की गई। वैवाहिक संस्कार सकुशल संपन्न हो सके। इसको लेकर प्रत्येक विवाह वेदी पर एक महिला एवं एक पुरुष गायत्री परिजन को जिम्मेदारी दी गई।

# एमओआईसी का निजी अस्पताल में छापा, 24 घंटे में दस्तावेज देने को कहा

संवाददाता, पूरनपुर



एक निजी अस्पताल में जांच करते स्वास्थ्य विभाग की टीम के सदस्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** प्रभारी चिकित्साधिकारी (एमओआईसी) ने सोमवार को कस्बे के एक अस्पताल में छापेमारी की। इस दौरान पंजीकरण और उपचार से संबंधित जानकारी ली गई। 24 घंटे में अस्पताल संचालन से संबंधित दस्तावेज दिखाने को कहा गया है। नगर में क्लीनिक और अस्पतालों की बाढ़ सी आ गई है। कई अस्पताल बिना पंजीकरण के चलाए जा रहे हैं। मरीजों के साथ खिलवाड़ के आरोप में अस्पतालों की आए दिन सीएमओ के पास शिकायतें पहुंच रही हैं। सोमवार को प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिकेत गंगवार ने ब्लॉक रोड स्थित यूनिटी अस्पताल में छापा मारा। जहां जांच टीम ने अस्पताल के पंजीकरण और

● **शिकायत मिलने के बाद की गई छापेमारी**

डॉक्टरों की नियुक्ति आदि के बारे में जानकारी ली तो कोई जवाब नहीं दे सके। अव्यवस्था और लापरवाही भी मिली। अस्पताल संचालक से 24 घंटे में दस्तावेज दिखाने को कहा गया है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिकेत गंगवार ने बताया कि अस्पताल में व्यवस्थाएं आधी अधूरी मिलीं। 24 घंटे में दस्तावेज दिखाने को कहा गया है। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। अस्पताल के एमडी कफील खान ने बताया कि जांच टीम पहुंची थीं। व्यवस्थाएं और कागजात देखकर चले गए। कोई नोटिस नहीं मिला है।

### प्रदर्शन कर लगाया पक्षपात का आरोप



**बीसलपुर।** नेशनल हाईवे के अधिकारियों के खिलाफ सोमवार को व्यापारियों ने कोतवाली व तहसील मुख्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। व्यापारियों का कहना था कि नेशनल हाईवे के अधिकारियों ने बारह पत्थर चौराहे के समीप 13 व्यापारियों के प्रतिष्ठान जेसीबी से ध्वस्त कर भूमि का अधिग्रहण करने के बाद नाले की खुदाई कराई है। आरोप था कि सड़क के मध्य से नाप ना करके पक्षपात पूर्ण ढंग से नाले की खुदाई कर दी गई। इससे व्यापारियों के प्रतिष्ठान भूमि अधिग्रहण में चले गए। व्यापारियों ने प्रदर्शन के बाद मांग पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगाई ।इस मौके पर दीपक मौर्य ,नत्थू लाल ,मुकेश कुमार ,बृजलाल शर्मा ,गोपाल गंगवार , संतोष , मुकेश कुमार ,कुणाल , विशाल ,धर्मवीर ,चंद्र प्रकाश , संतोष कुमारी ,उमा देवी धर्मेंद्र ,अरविंद आदि थे।

## वन कर्मियों को नहीं मिली बाघ की लोकेशन

**पीलीभीत, अमृत विचार :** वन विभाग की टीम पंडरी गांव में बाघ की लोकेशन नहीं तलाश पा रही है। सोमवार को भी निगरानी टीम मौजूद रही। ग्रामीण भी एकजुट होकर सतर्कता बरत रहे हैं। पिछले करीब एक पखवाड़े से न्यूरिया थाना क्षेत्र के पंडरी गांव में बाघ की दस्तक बनी हुई है। यहां बाघ एक युवक पर हमला कर उसकी जान ले चुका है। इस पर हुए विरोध के बाद घटनास्थल पर गन्ने के खेत के पास पिंजड़ा लगाकर बाघ की लोकेशन ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है। मगर अभी तक उसे ट्रेस नहीं किया जा सका है। ग्रामीण गंधक पोटाश के पटाखे दागकर गन्ने की कटाई कर रहे हैं।

# कृष्ण ने किया कंस वध के साथ अधर्म का नाश



नौगवां पकड़िया चेयरमैन संदीप कौर को राम मंदिर भेंट करते सतीश जायसवाल।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** श्रीमद भागवत कथा में छठे दिन सोमवार को कई जनप्रतिनिधि शामिल हुए।आयोजन कर्ताओं ने स्मृति चिन्ह के तौर पर राम मंदिर भेंट कर जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया। कथा व्यास गोपाल शरण महाराज ने कहा कि ब्रजवासियों को श्री कृष्ण ने अपने प्रभाव के दर्शन कराए। जीवात्मा और परमात्मा का मिलन ही रास है। कंस वध के साथ अधर्म का नाश श्रीकृष्ण ने किया।

गुरुकुल में जाकर श्री कृष्ण ने समाज को बताया कि शिक्षा का जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। सबको शिक्षा ग्रहण करना चाहिए।नगर पंचायत गुलड़िया भिंडारा चेयरमैन निशांत प्रताप सिंह, नगर पंचायत नौगवां पकड़िया की चेयरमैन संदीप कौर, उनके पति संतोख संधू, चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता ने आशीष लिया।

## टीबी होने पर घबराएं नहीं, जांच कराकर इलाज कराएं

**बीसलपुर, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को पुनरक्षित राष्ट्रीय क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख अशोक शर्मा ने फीता काटकर शुरुआत कराई। सीएचसी अधीक्षक डॉ. लेखराज ने बताया कि वर्ष 2025 तक देश को क्षय रोग मुक्त करना है। इस संकल्प के प्रति दृढ़ता जताते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कार्यक्रम के नाम में बदलाव किया है। इसे पुनरीक्षित राष्ट्रीय क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम (आरएनटीसीपी) के बजाय अब राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के नाम से जाना जाएगा। उन्होंने कहा कि टीवी रोग होने पर ना घबराएं। चिकित्सालय में निशुल्क जांच व उपचार की सारी सुविधा उपलब्ध है। पांच सौ रुपये मरीज के खाते में भेजे जाते हैं।

### टॉप 15 में चयन पर छात्र क्षितिज का सम्मान



**पीलीभीत।** ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा सात के छात्र मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव राजेश सक्सेना और हिना सक्सेना के पुत्र क्षितिज सक्सेना का सोनी चैनल पर शीघ्र प्रसारित होने वाले सुपरस्टार सिंगर कंपटीशन में टॉप-15 प्रतिभागियों में चयन हुआ है। इसके लिए उन्हें सोमवार को कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया गया। प्रबंधक देवेन्द्र छाबड़ा, प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने क्षितिज सक्सेना को बधाई दी और फूलमाला व पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। क्षितिज सक्सेना के गुरु संजीव पाराशरी को शॉल भेंट करके सम्मानित किया गया। एक दिन पूर्व सिटी सिंगर क्लब के अशोक सक्सेना, दिव्या मित्रा, अनीता चौधरी, ज्ञानेंद्र सिंह, डॉ. प्रफुल्ल नारायण सक्सेना, डॉ. भरत कंचन, डॉ. आस्था कंचन,पंकज सक्सेना आदि ने स्वागत किया था।

## बीसलपुर में धूमधाम से निकाली रामलला की भव्य शोभायात्रा



बीसलपुर में निकली शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचार:** बरेली से आए संत विष्णु हरि घट घट वासी का चार दिवसीय सत्संग नगर के रामलीला मैदान पर सोमवार से शुरू हो गया। उनके अनुयायियों ने नगर में रामलला की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली। कई जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। शोभायात्रा रामलीला मेला मैदान से शुरू होकर बारह पत्थर चौराहा, बस अड्डा चौराहा, कोतवाली रोड, अस्पताल चौराहा ,नगर पालिका चौराहा, मुख्य बाजार सहित विभिन्न मार्गों से गुजरी। संत विष्णु हरि घट घट वासी ने कहा कि परमात्मा की भक्ति करने से ही मोक्ष की प्राप्ति संभव है। मनुष्य को अपने कर्मों का फल इसी जन्म में भोगना होगा। इसलिए बुराइयों दुराचारियों से दूर रहकर सत्य की राह पर चलना चाहिए। इस मौके पर संस्था के सुरेश शर्मा, मंजू देवी, सुंदरलाल , सुशीला देवी ,अशोक कुमार , बाबूराम ,विष्णु दयाल आदि रहे।



